# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा गैंगरेप की घटना का सफल अनावरण तथा साथ मुठभेड़ में तीन अभियुक्त गिरफ्तार तथा पूछताछ के बाद दो अन्य अभियुक्त भी गिरफ्तार ।

◆अभियुक्तगण के कब्जे से 03 अदद अवैध असलहा व जिन्दा कारतूस, खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त अपाची व स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद ।

◆अभियुक्तगण के कब्जे से लूटे हुए पैसे, जेवर मोबाइल फोन व अन्य सामान की शतप्रतिशत बरामदगी ।

◆ अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

दिनांक 24.06.2024 को एक महिला द्वारा थाना जोगिया उदयपुर पर पहुंचकर तहरीर के माध्यम से सूचना दिया गया की दिल्ली से वह अपने एक मित्र से मिलने आयी थी मित्र के साथ मोटरसाइकिल से दिल्ली जाने के लिए बांसी से बस पकडने जाते समय बांसी-नौगढ़ मार्ग पर एक सुन-सान स्थान पर गैंगरेप की घटना कारित कर उसका मोबाइल, पैसा, जेवर व सामान छीन लिया गया । सुचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना जोगिया उदयपुर पर मु0आ0सं0 92/2024 धारा 376डी, 392, 323 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । इस सुचना पर तत्काल सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटनास्थल निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु एक विशेष टीम (एसओजी, सर्विलांस, थाना जोगिया उदयपुर) का गठन किया गया गठित टीम द्वारा आज दिनांक 28.06.2024 को सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण, सतीश चन्द पाण्डेय क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में गठित टीम द्वारा संदिग्ध बदमाशो की आने की सुचना पर बांसी नौगढ़ मार्ग पर ककरही पुल के पास चेकिंग की जा रही थी चेकिंग के दौरान एक अपाची बांसी की तरफ से आता देखकर पुलिस टीम चेतावनी देकर रोकने का प्रयास किया गया तो अपाची सवार द्वारा तेज गति से पुलिस के नजदीक से हरैया बन्धे की तरफ मोड़ दिया जिससे अनियन्त्रित होकर मोटरसाइकिल गिर गयी व मोटरसाइकिल सवार भागने लगे तो पुलिस टीम द्वारा घेर-घेराव कर पकडने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर ताबडतोड़ फायरिंग करने लगे आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा भी फायरिंग की गयी जिसमें तीनों बदमाश घायल होकर गिर गये घायल बदमाशो के पास पुलिस टीम द्वारा पहुंचकर उनके असलहे कब्जे में लेते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उनके पास से दिनांक 24.06.2024 को हुयी गैंगरेप की घटना से संबन्धित पीड़िता से छीने गये मोबाइल फोन, आधार कार्य, ड्राइविगं लाइसेंस, पैसा बरामद हुआ । घटना के संबन्ध में थाना जोगिया उदयपुर पर मु0आ0सं0 95/2024 धारा 307, 504, 506 भा0द0वि0 व 3/25, 5/27 आर्म एक्ट पंजीकृत किया गया गिरफ्तार/घायल अभियुक्तगण को उपचार हेतु

पीएचसी जोगिया उदयपुर ले जाते समय पुछ-ताछ के आधार पर घटना में दो अभियुक्तगण गोलु उर्फ मिथुन व अमन को शामिल बताया गया पुलिस टीम द्वारा उनकी भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्तगणो द्वारा बताया गया कि साहब हम पांचो लोग (राम गुलाम, जितेंद्र यादव, रामदीन पासवान, अमन कुमार, गोलू उर्फ मिथुन लोधी) मसीना में स्थित चौधरी ढ़ाबे से पार्टी करके दो मोटरसाइकिलों ( एक अपाची, एक स्प्लेंडर ) से ककरही पुल की तरफ जा रहे थे तो जोगिया उदयपुर थाने के आगे पहुचें तो देखे की मेन रोड के किनारे एक आधा-अधुरा मकान बना है उसके सामने एक टीवीएस मोटरसाइकिल खडी है तो हम लोग उत्सुकता वश देखने के लिए रुके तो वहाँ कोई दिखाइ नहीं दिया तो हम लोग मकान के अन्दर जाकर देखे तो एक लड़का व एक लड़की सोये हुए थे तो हम लोगो उनका नाम पता पुछते हुए विडियो बनाने लगे और लडके को मारने लगे तो लड़का भाग गया तब हम लोग लड़की को कट्टे से डराकर जबरदस्ती मोटर साइकिल पर बैठाकर नदी बन्धे के रास्ते से हरैया गांव के पास पहुंचकर नदी के किनारे ले जाकर बारी-बारी से बलात्कार किये तथा उसके बैग में रखे मोबाइल, जेवर, पैसे निकाल लिए और उसको पुन: मोटरसाइकिल पर बैठाकर सड़क पर छोड दिये व हम लोग अपने अपने घर चले गये। अगले दिन मिलकर हम लोग पैसा जेवर बाट लिए थे तथा आज रात्रि को पकडे जाने के डर से हम लोग नेपाल भाग रहे थे।

**बरामदगी का विवरण-**

01.दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर, एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर, तीन अदद जिन्दा कारतूस, चार अदद खोखा कारतूस।

02.दो अदद मोटरसाईकिल घटना में प्रयुक्त ( एक अपाची-UP55AQ4344, एक स्प्लेंडर-UP55Q1072)।

03.दो अदद आधार कार्ड, दो अदद निर्वाचन कार्ड, दो अदद एटीएम कार्ड, एक अदद ड्राइवरी लाइसेंस तीन अदद एन्ड्रॉयड फोन, दो अदद कीपैड मोबाइल फोन बरामद (पीड़िता से लूट के)।

04.₹6200 नकद व जेवरात बरामद (लूट के)।

**गिरफ्तार/घायल अभियुक्तगण का विवरण-**

01.राम गुलाम पुत्र राम प्रसाद निवासी कोटिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

02.जितेंद्र यादव पुत्र संकटा प्रसाद यादव निवासी तकीयहवा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

03.रामदीन पासवान पुत्र हंसराज पासवान निवासी डडिया सुपा राजा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

04.अमन कुमार लोधी पुत्र सुक्खू लोधी निवासी जोगिया उदयपुर थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

05.गोलू उर्फ मिथुन लोधी पुत्र स्वर्गीय रामहरक लोधी निवासी बिटिया राजा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.रामकृपाल शुक्ला प्रभारी निरीक्षक थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.उ0नि0शेषनाथ यादव प्रभारी एसओजी टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04.उ0नि0 जयप्रकाश तिवारी, गणेश दत्त मिश्रा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**05.हे0का0 राजीव शुक्ला, दिलीप कुमार ,आशुतोष धर दूबे, रोहित चौहान, विरेन्द्र त्रिपाठी, छविराज यादव एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**06.हे0का हिन्दे आजाद ,हे.का. जनार्दन प्रजापति, हे0का0 विवेक मिश्रा, का0 अभिनंन्दन सिंह सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**07.हे0का0 गुलाब शाही थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर ,**

**08.का0 पंचम यादव ,का0 अभय प्रताप यादव,का0 विरेन्द्र यादव ,का0 राजाराम राजभर थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 28.06.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 11 भूमि विवाद व 03 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के आदेश के अनुपालन में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अरूणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी के नेतृत्व में आज दिनांक 28.06.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 117/2024 धारा 307/506 भा0द0वि व 4/25 आर्म्स एक्ट मे सम्बन्धित अभियुक्त संतकुमार पुत्र श्यामधर साकिन बभनी थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को पुलिस पिंक बूथ सड्डा के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

01. संतकुमार पुत्र श्यामधर साकिन बभनी थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

01.01 अदद नाजायज चाकू

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01- जीवन त्रिपाठी थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

02- उ0नि0 ओमप्रकाश यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

03- आरक्षी संदीप प्रजापति, अमरेन्द्र यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस परिवार व जनपद की ओर से स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।**

आज दिनांक **28-06-2024** को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर श्री पवन कुमार अग्रवाल के विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महोदय को हर्ष तथा विषादपूर्ण हृदय से उद्वल्लित विदाई दी गयी। इस अवसर पर सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा विदाई समारोह के दौरान जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को पुलिस परिवार व जनपद की ओर से स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।

*प्रेस नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर*

***◆थाना त्रिलोकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फूलपुर में पुराने कूँआ के पाटने को लेकर चौकी बिस्कोहर का घेराव करने की सूचना पर वायरल हो रहें प्रकरण में थाना स्थानीय पर सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है ।***

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर क्षेत्रान्तर्गत चौकी बिस्कोहर पर चौकी प्रभारी द्वारा कर्मचारीगण को डियूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करते समय विपक्षी अजय गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष पुत्र रामदुलारे 2.रामसूरत शर्मा पुत्र रामसुमिरन 3.मोनू गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता 4.लालू नाईक पुत्र राधेश्याम 5.राहुल गुप्ता पुत्र घनश्याम 6.अंशुमान मोदनवाल पुत्र दिलीप 7.मनोज यादव पुत्र साधू निवासीगण कस्बा बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर 8.अरुण त्रिपाठी पुत्र रामअनुज सा0 डेंगहर थाना त्रिलोकपुर सि0नगर 9.दद्दन यादव पुत्र सरजू सा0 फूलपुर राजा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर 10.अखिलेश अवस्थी पुत्र काशीनाथ 11.सुल्ताना अवस्थी पुत्र रामदेव निवासीगण सिकौथा थाना त्रिलोकपुर तथा 20 से 30 अन्य सफाई कर्मी नाम पता अज्ञात द्वारा लाठी, डण्डा, बेल्चा व झाडू लेकर एक राय गोलबन्द/हमलावर होते हुए J.C.B. व नगर पंचायत की वाहनों को लेकर योजना बद्ध तरीके से आपत्तिजनक नारेबाजी व शोर शराबा हंगामा करते हुए चौकी बिस्कोहर परिसर व बलरामपुर-इटवा मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर धरने पर बैठ जाना तथा आपत्तिजनक नारेबाजी करना जिससे आम जनमानस में भय का माहौल उत्पन्न हो जाने के सम्बन्ध में आज दिनांक 28.06.2024 के दाखिला तहरीर के आधार पर थाना त्रिलोकपुर पर मु0अ0सं0 93/2024 धारा 147,149,341,186 भा0द0वि0 व 07 सी0एल0ए0 पंजीकृत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है।

***प्रेस नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर***

***◆थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत भूवही पुल पर शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने व पुलिस से धक्का मुक्की करने के प्रकरण में थाना स्थानीय पर सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है ।***

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक खेसरहा के नेतृत्व में दिनांक 27.06.2024 को पूर्व में पंजीकृत मु0अ0सं0 118/2024 धारा 323,307,506 भा0द0वि0 के मुकदमें में अभियुक्त सुग्रीम की गिरफ्तारी को लेकर अभियुक्तगण द्वारा रामकरन पुत्र जैसराम निवासी मंझरिया थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर की मृत्यु अपने बुआ व फूफा को उनके घर ग्राम बनोहिया थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर मोटरसाईकिल से छोड़कर वापस आते समय दिनांक 24.06.2024 को रास्ते में महराठा पुलिया वहद ग्राम पनघटिया पर मोटरसाईकिल अनियंत्रित हो जाने के कारण पुल के नीचे गिर जाने और गम्भीर रुप से घायल हो जाने तथा दौरान ईलाज दिनांक 26.06.2024 को मृत्यु रामकरन की हो जाने तथा शव को बाद पोस्टमार्टम दिनांक 27.06.2024 को मृतक रामकरन के शव को भुहई पुल के बीचो बीच रखकर सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध कर देने तथा पुलिस बल के साथ धक्का मुक्की करने एवं राजकीय कार्य में बाधा पहुँचाने के सम्बन्ध में उ0नि0 देवव्रत पाण्डेय थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के दाखिला तहरीर के आधार आज दिनांक 28.06.2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 126/2024 धारा 147,149, 186, 332, 341 भा0द0वि0 बनाम 01.ओमप्रकाश तिवारी पुत्र अज्ञात निवासी बेलहरा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर तथा 09 व्यक्ति नाम व पता ज्ञात तथा 150 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है।

*प्रेस नोट दिनाँक 28.06.2024थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर*

***◆थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोप में वंछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।***

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण व अरविन्द कुमार गुप्ता थानाध्यक्ष गोल्हौरा मय पुलिस टीम के साथ आज दिनांक 28.06.2024 को थाना गोल्हौरा पर पंजीकृत मु0अ0स0 57/2024 धारा 363,366,376 भा0द0वि0 व 3/4पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त सुजीत पुत्र वेदराम साकिन महुआखुर्द थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर को ग्राम महुआखुर्द से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.सुजीत पुत्र वेदराम साकिन महुआखुर्द थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर ।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण-**

01.अरविन्द कुमार गुप्ता थानाध्यक्ष गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मुख्य आऱक्षी विनोद कुमार थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

03. आरक्षी जितेन्द्र यादव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 28.06.2024 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना इटवा के कस्बा इटवा, टेकुइया, बिस्कोहर रोड, होटल व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थानाक्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों, रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01-म0उ0नि0 मीरा चौहान प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

02-आरक्षी राकेश कुमार यादव एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

03-महिला आरक्षी मधु भारती एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

04-महिला आरक्षी रीनू एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस-नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रूट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक **28-06-2024** को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रूट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया

## प्रेस-नोट दिनांक 28.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना कपिलवस्तु के स्टाक बुक के अनुसार शस्त्र एम्यूनेशन, आदि का किया  गया सत्यापन।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में शस्त्र सत्यापन व मिलान का चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 28.06.2024 को अरुणकांत सिंह क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक थाना कपिलवस्तु की उपस्थिति में थाने के स्टाक बुक के अनुसार शस्त्र, आर्म्स एम्यूनिशन, म्यूनिशन का सत्यापन कर उनकी स्थिति की जांच की गयी।